# गद्य भाग

# 1. बड़े घर की बेटी

मुंशी प्रेमचन्द

I. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।

1. ठाकुर साहब के कितने बेटे थे?
2. बेनी माधवसिंह अपनी आधी से अधिक संपत्ति किसे भेंट के रूप में दे चुके थे?
3. ठाकुर साहब के बड़े बेटे का नाम क्या था?
4. श्रीकंठ कब घर आया करते थे?
5. आनंदी के पिता का नाम लिखिए ।
6. थाली उठाकर किसने पलट दी ?
7. बेनी माधव सिंह किस गाँव के ज़मीनदार थे?
8. किसकी आँखें लाल हो गयी थीं?
9. बिगड़ता हुआ काम कौन बना लेती है?
10. 'बड़े घर की बेटी' कहानी के लेखक कौन हैं?
11. गौरीपुर गाँव के ज़मींदार कौन थे?
12. ठाकुर साहब के छोटे बेटे का नाम क्या था?
13. श्रीकंठ सिंह का किसके साथ ब्याह हो गया?
14. कौन स्वभाव से ही दयावती थी?
15. बुद्धिमान लोग किनकी बातों पर ध्यान नहीं देते?
16. मुगदर की जोड़ी किसने बनवा दी थी?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. बेनी माधवसिंह के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
2. आनंदी ने अपनी ससुराल में क्या रंग ढ़ंग देखा ?
3. लालबिहारी आनंदी पर क्यों बिगड़ पड़ा?
4. आनंदी बिगड़ता हुआ काम कैसे बना लेती है?
5. आनंदी का चरित्र चित्रण कीजिए ।
6. श्रीकंठ सिंह के स्वभाव के बारे में लिखिए ।
7. भूपसिंह का परिचय दीजिए ।
8. आनंदी का ब्याह श्रीकंठ सिंह के साथ कैसे हो गया?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?

1. ''जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है''?
2. ''जिसके गुमान पर भूली हुई हो, उसे भी देखूँगा और तुम्हें भी।''
3. ''बेटा, बुद्धिमान लोग मूर्खों की बात पर ध्यान नहीं देते।''
4. ''लालबिहारी को मैं अब अपना भाई नहीं समझता।''
5. ''अब मेरा मुँह नहीं देखना चाहते, इसीलिए अब मैं जाता हूँ।''
6. ''भैया, अब कभी न कहना कि तुम्हारा मुँह न देखूँगा।''
7. ''मुझसे जो कुछ अपराध हुआ, क्षमा करना ।''
8. ''बहू-बेटियों का यह स्वभाव अच्छा नहीं कि मर्दों के मुँह लगे।''
9. ''लाला बाहर खड़े बहुत रो रहे हैं।''
10. ''इतनी गरम क्यों होती हो, बात तो कहो।''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''अभी परसों घी आया है। इतना जल्दी उठ गया?''
2. ''स्त्री गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है, पर मैके की निंदा उनसे नहीं सही जाती ।''
3. ''पर तुमने आजकल घर में क्या उपद्रव मचा रखा है?''
4. ''उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो।''
5. ''बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं। बिगड़ता हुआ काम बना लेती हैं ।''
6. ''मैके के सामने हम लोगों को कुछ समझती ही नहीं ।''
7. ''तुम्हें मेरी सौगंध, अब एक पग भी आगे न बढ़ाना ।''
8. ''उन्हें बहुत ग्लानि हो गयी है, ऐसा न हो, कहीं चल दें ।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 2. युवाओं से

स्वामी विवेकानंद

I. एक शब्द या वाक्य या वाक्यांश में उत्तर लिखिए ।

1. स्वामी विवेकानंद का विश्वास किन पर है?
2. स्वामी विवेकानंद के अनुसार भारत के राष्ट्रीय आदर्श क्या है ?
3. कौन सबकी अपेक्षा उत्तम रूप से कार्य करता है?
4. किस शक्ति के सामने सब शक्तियाँ दब जाएँगी?
5. असंभव को संभव बनाने वाली चीज़ क्या है?
6. जो अपने आप में विश्वास नहीं करता वह क्या है?
7. कमजोरी किसके समान है?
8. सबसे पहले हमारे तरुणों को क्या बनना चाहिए?
9. प्रत्येक आत्मा क्या है ?
10. नवयुवकों को किसकी तरह सहनशील होना चाहिए ?
11. किसका पुनरुत्थान होगा?
12. क्या धीरे-धीरे दूर हो रही है?
13. 'युवाओं से' पाठ के लेखक कौन है?
14. प्रत्येक व्यक्ति को कैसे उपयुक्त बनाया जा सकता है?
15. भय किसका कारण बनता है?
16. हमारे स्वभाव में किसका अभाव है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. भारत का पुनरुत्थान कैसे होगा?
2. त्याग और सेवा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के क्या विचार हैं ?
4. सर्वधर्म सहिष्णुता के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार लिखिए ।
5. शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंदजी क्या कहते हैं?
6. 'युवाओं से' पाठ के आधार पर भारत की महानता क्या है?
7. स्वदेश भक्ति के बारे में स्वामी विवेकानंद जी का आदर्श क्या है?
8. वीर युवकों के लिए स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते हैं ?
9. 'युवाओं से' पाठ में स्वामी विवेकानंद 'आध्यात्म, अव्यक्त ब्रह्म, धर्म' के बारे में क्या कहते हैं?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?

1. ''मेरी आशा, मेरा विश्वास नवीन पीढ़ी के नवयुवकों पर है।''
2. ''तुम तो ईश्वर के संतान हो, अमर आनंद के भागी हो, पवित्र और पूर्ण आत्मा हो।''
3. ''प्रत्येक आत्मा ही अव्यक्त ब्रह्म है।''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो।''
2. ''उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए ।''
3. ''भय से ही दु:ख होता है, यह मृत्यु का कारण है तथा इसी के कारण सारी बुराई तथा पाप होता है।''
4. ''ढोंगी बनने की अपेक्षा स्पष्ट रूप से नास्तिक बनना अच्छा है।''
5. ''मैं तुम सबसे यही चाहता हूँ कि तुम आत्मप्रतिष्ठा, दलबंदी और ईर्ष्या को सदा के लिए छोड़ दो ।''
6. ''शक्ति ही जीवन और कमज़ोरी ही मृत्यु है।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 3. निन्दा रस

हरिशंकर परसाई

I. एक शब्द या वाक्य या वाक्यांश में उत्तर लिखिए ।

1. धृतराष्ट्र की भुजाओं में कौन सा पुतला जकड़ गया था?
2. पिछली रात 'क' 'ग' के साथ बैठकर क्या करता रहा?
3. कुछ लोग आदतन क्या बोलते हैं?
4. लेखक के मित्र के पास दोषों का क्या है?
5. लेखक के मन में किसके प्रति मैल नहीं रहा ?
6. निन्दकों की जैसी एकाग्रता किनमें दुर्लभ है?
7. मिशनरी निन्दक चौबीसों घंटे निन्दा करने में किस भाव में लगे रहते हैं?
8. निन्दा, निन्दा करनेवालों के लिए क्या होती है?
9. निन्दा का उद्‌गम किससे होता है?
10. कौन बड़ा ईर्ष्यालु माना जाता है?
11. 'निंदा रस' पाठ के लेखक कौन है?
12. कौन कई महीने बाद आये थे।
13. किस प्रकार का निंदक बड़ा दुःखी होता है?
14. मनुष्य किससे दबता है?
15. किसने 'निंदा सबद रसाल' कहा है ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. धृतराष्ट्र का उल्लेख लेखक ने क्यों किया है?
2. निन्दा की महिमा का वर्णन कीजिए ।
3. 'मिशनरी' निन्दक से लेखक का क्या तात्पर्य है?
4. निन्दकों के संघ के बारे में लिखिए ।
5. ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निन्दकों की कैसी दशा होती है?
6. निन्दा को पूंजी बनानेवालों के बारे में लेखक ने क्या कहा है?
7. 'निन्दा रस' निबंध का आशय अपने शब्दों में लिखिए ।
8. लेखक अपने मित्र मिस्टर 'क' के बारे में क्या कहते हैं ?
9. निंदा के उद्‌गम के बारे में हरिशंकर परसाई जी के विचार क्या हैं?
10. निंदा की प्रवृत्ति कैसे बढ़ती जाती है?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?

1. ''यार आजकल लोग तुम्हारे बारे में बहुत बुरा-बुरा कहते हैं ।''
2. ''वे अगर बंबई जा रहे हैं और उनसे पूछे तो वे कहेंगे कलकत्ता जा रहा हूँ ।
3. ''निंदा सबद रसाल ।'

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''आ बेटा तुझे कलेजे से लगा लूँ ।''
2. ''अभी सुबह की गाड़ी से उतरा और एकदम तुमसे मिलने चला आया ।''
3. ''कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं ।''
4. ''निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है ।''
5. ''ज्यों ज्यों कर्म क्षीण होता है, त्यों त्यों निंदा की प्रकृति बढ़ती जाती है ।''
6. ''बड़ा खराब ज़माना आ गया है।''
7. ''इस प्रकार का निंदक बड़ा दुःखी होता है।''
8. ''अद्‌भुत है मेरा मित्र । उनके पास दोषों का 'केटलाग' है।''
9. ''बड़ी लकीर को कुछ मिटाकर छोटी लकीर बड़ी लकीर बनती है।''
10. ''यह फुरसत का काम है, इसलिए जिनके पास कुछ और करने को नहीं होता, वे इसे बड़ी खूबी से करते हैं।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 4. बिन्दा

महादेवी वर्मा

I. एक शब्द या वाक्य या वाक्यांश में उत्तर लिखिए ।

1. महादेवी वर्मा की बाल्य सखी का नाम लिखिए ।
2. महादेवी वर्मा को किसका अनुभव बहुत संक्षिप्त था?
3. पंडिताइन चाची के अलंकार उन्हें किसकी समानता दे देते थे?
4. बिन्दा का काम लेखिका को किसके तमाशे जैसा लगता था?
5. बिन्दा की आँखें लेखिका को किसकी याद दिलाती थीं?
6. बिन्दा ने तारे गिनते-गिनते एक चमकीले तारे की ओर उंगली उठाकर क्या कहा?
7. महादेवी वर्मा ने रात को अपनी माँ से बहुत अनुनयपूर्वक क्या कहा?
8. महादेवी वर्मा किसके न्यायालय से मिलनेवाले दण्ड से परिचित हो चुकी थी?
9. महादेवी वर्मा को किसकी पत्तियाँ चुभ रही थीं?
10. किसने बिन्दा के पैरों पर तिल का तेल लगाया?
11. महादेवी वर्मा के लिए कौन त्रिकालदर्शी से कम न थी?
12. 'बिन्दा' रेखाचित्र की लेखिका कौन है?
13. पंडिताइन चाची को बिन्दा क्या कहकर पुकारती थी?
14. नई अम्मा मोहन के साथ ऊपर के खण्ड में क्यों रहती थी?
15. अंत में बालिका महादेवी वर्मा को बिन्दा के बारे में क्या पता चला ?
16. बहुत खुशामद करने पर रुकिया ने क्या बताया ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. महादेवी वर्मा को बिन्दा की याद क्यों आ गई ?
2. महादेवी वर्मा को पंडिताइन चाची का कौन सा रूप आकर्षित करता था?
3. महादेवी वर्मा के कभी-कभी छत पर जाकर देखने पर बिन्दा क्या क्या करते दिखाई देती थी?
4. बिन्दा अपनी नयी अम्मा से किस प्रकार डरती थी?
5. महादेवी वर्मा ने दोपहर के समय सबकी आँखें बचाकर बिन्दा के घर पहुँचने पर क्या देखा ?
6. बिन्दा के घर के सामने भीड़ देखकर लेखिका के मन में क्या विचार आने लगे ?
7. बालिका महादेवी वर्मा 'माँ' नामधारी जीवों के कर्तव्यों के बारे में क्या समझा था?
8. पंडिताइन चाची के स्वभाव के बारे में लिखिए ।
9. बिन्दा के रूप-रंग का वर्णन कीजिए।
10. बिन्दा और महादेवी वर्मा के घास की कोठरी में छिपने की कहानी लिखिए ।
11. सबकी आँख बचाकर बिन्दा के घर पहुँचने पर महादेवी वर्मा ने वहाँ क्या देखा?
12. खिड़की से झाँक कर बिंदा के दरवाजे पर जमा हुए आदमियों की भीड़ देखकर बालिका महादेवी ने क्या सोचा?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?

1. ''क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं है?''
2. ''वह रही मेरी अम्मा ।''
3. ''तुम कभी तारा न बनना, चाहे भगवान कितना ही चमकीला तारा बनावें ।''
4. ''आपने आयु ठीक नहीं भरी है।''
5. ''मेरी दूसरी पत्नी है और आप तो जानती ही होंगी ....... ।''
6. ''अभागी मरती भी नहीं ।''
7. ''क्या सवेरा हो गया?''
8. ''क्या वे मुझसे नहीं मिल सकती ?''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''उठती है या आऊँ, बैल के से दीदे क्या निकाल रही है', 'मोहन का दूध कब गर्म होगा', 'अभागी मरती भी नहीं आदि।''
2. ''तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी।''
3. ''पंडिताइन चाची के न्यायविधान में न क्षमा का स्थान था, न अपील का अधिकार।''
4. ''नहीं, यह तो गत आषाढ़ में चौदह की हो चुकी।''
5. ''आँखें गड्ढे में धँस गयी थीं, मुख दानों से भर कर न जाने कैसा हो गया था?''
6. ''तब क्या उस घर में विवाह हो रहा है, और हो रहा है तो किसका?''

◆ ◆ ◆ ◆

# 5. बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर

–शान्ति स्वरूप बौद्ध

I. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. डॉ. बी.आर. अंबेडकर का जन्म कब हुआ ?
2. अंबेडकर की माता का नाम क्या था?
3. रामजी सूबेदार किस गाँव में सैनिक थे?
4. भीमराव ने मैट्रिक परीक्षा कब पास की?
5. कृष्णजी अर्जुन केलुस्कर ने कौन-सी पुस्तक भीमराव को भेंट दी?
6. भीमराव का विवाह किसके साथ हुआ?
7. महाराजा की ओर से भीमराव की मासिक छात्रवृत्ति कितनी मिलती थी?
8. अंबेडकरजी ने बी.ए. की परीक्षा कब पास की?
9. भीमरावजी 1913 में अमेरिका के किस विश्वविद्यालय में दाखिल हो गए।
10. 'मूकनायक' पत्रिका के संपादक कौन थे?
11. डॉ. अंबेडकर पत्नी और बच्चों से भी अधिक किसे मानते थे?
12. डॉ. भीमराव अंबेडकर के पिता का नाम क्या था?
13. परिवार वाले अंबेडकर को क्या कहकर पुकारते थे?
14. डॉ. अम्बेडकर ने किस समाज को जागरूक करना आरम्भ किया?
15. 'बाबा साहब डॉ. अम्बेड्कर' पाठ के लेखक कौन है?
16. डॉ. अम्बेडकर को (मरणोपरान्त) भारत सरकार का कौन-सा सर्वोच्छ पुरस्कार मिला?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. अंबेडकर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए ।
2. अंबेडकर जी को शिक्षा प्राप्त करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?
3. लंडन के गोलमेज़ सम्मेलन में अंबेडकरजी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला?
4. पत्नी की मृत्यु का डॉ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा?
5. अंबेडकर की विदेशी शिक्षा के बारे में लिखिए ।
6. पारसी सराय में अम्बेडकर का क्या अपमान हुआ ?

7. अंबेडकर ने पीडित समाज के उद्धार के लिए क्या-क्या किया?

8. अंबेडकर को भारत के संविधान जनक माना जाता है । क्यों?

III. **ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. ''वर्षों का समय बीत जाने पर भी पारसी सराय में मेरे साथ हुए दुर्व्यवहार का स्मरण करते ही मेरी आँखों में आँसू छलक पड़ते हैं।''

2. ''भीमराव इस प्रकार के असंख्य अपमान के खून के घूँट चुपचाप पी जाते।''

3. ''हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, फिर भी मैं भीमराव को उच्च शिक्षा दिलाने का भरसक प्रयास करूँगा।''

4. ''मगर धन्य है डॉ. अम्बेडकर । उन्होंने तलवार या बंदूक का नहीं, अहिंसात्मक तरीके से अपने समाज के कष्टों को दूर करने का निर्णय लिया।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 6. दिल का दौरा और एनजाइना

डॉ.यतीश अग्रवाल

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. हृदय रोग के दो रूप कौन से हैं?
2. दिल का दौरा और एनजाइना आम तौर से कितने वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में देखे जाते हैं ?
3. 'मूगा टेस्ट' किसे कहते हैं ?
4. कोरोनरी धमनियों में सिकुडन आने का एक बड़ा कारण क्या है?
5. क्या बायपास सर्जरी भारत में संभव है?
6. हृदय रोगियों के लिए किस तरह का भोजन अच्छा नहीं है?
7. 'दिल का दौरा और एनजाइना' लेख का लेखक कौन है?
8. ज्यादा तेज़ दौरा पड़ा तो रोगी की क्या दशा हो जाती है?
9. क्या मदिरा सेवन और धूम्रपान हृदय के लिए अच्छा है?
10. दिल के दौरा का प्रमुख लक्षण क्या है?
11. दौरा पड़ने पर जीभ के नीचे रखकर चूसने के लिए कौन सी गोली देते हैं ?
12. ई.सी.जी. बाद क्या करवाने के लिए सलाह देते हैं ?
13. हृदय रोगी किस पर कड़ी नज़र रखना चाहिए?
14. कैफिन दिल की धड़कन को बढ़ाता है या कम करता है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. दिल का दौरा और एनजाइना किसे कहते हैं ?
2. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता है?
3. दिल का दौरा और एनजाइना के प्रमुख लक्षण क्या हैं?
4. दिल का दौरा पड़ने पर प्राथमिक उपचार के लिए क्या-क्या कदम उठाने चाहिए?
5. हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है?
6. 'बैलून एंजियोप्लास्टी' तकनीक क्या है ?
7. हृदय रोग से बचने व काबू पाने के लिए क्या क्या एहतियात बरतने चाहिए ?
8. हृदय रोगी के खान-पान में क्या परहेज़ जरूरी हैं?
9. 'बायपास सर्जरी' के बारे में लिखिए ।
10. दिल का दौरा और एनजाइना का निदान किस आधार पर किया जाता है?
11. हृदय के महत्व के बारे में लिखिए ।

III. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''हृदय ही शरीर का वह महत्वपूर्ण अंग है जो शरीर के समस्त भागों को जीवनदायी रक्त का पंप करता है।''
2. ''इस काम के लिए वह दिन-रात कड़ी मेहनत करता है और उसे स्वयं भी ऊर्जा की ज़रूरत पड़ती है।''
3. ''ज़िन्दगी में मानसिक तनाव को दूर रखें । उत्तार-चढ़ाव, लाभ-हानि इसे जीवन का अंग मान लें।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 7. मेरी बद्रीनाथ यात्रा

विष्णु प्रभाकर

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. कालिदास ने हिमालय को क्या कहा है?
2. यात्रा के नियम के अनुसार लेखक पहले कहाँ गए?
3. केदारनाथ की शीत ऋतु की राजधानी का नाम क्या है?
4. सबसे ऊँचे स्थान पर बना हुआ मंदिर कौन सा है?
5. आठ वर्ष की प्यारी बच्ची का नाम क्या है?
6. जोषीमठ से बद्रीनाथ कितने मील की दूरी पर है?
7. किस पेड़ के नीचे बैठकर प्रतिभापुंज शंकर ने उपनिषदों पर टीकाएँ लिखी थीं?
9. बद्रीनारायण मंदिर कितने फुट की ऊँचाई पर है?
10. 'मेरी बद्रीनाथ यात्रा' - इस यात्रावर्णन के लेखक कौन हैं ?
11. तुंगनाथ शिखर कितने फुट ऊँचा है?
12. बद्रीनाथ घाटी में किस नदी का रूपजाल है ?
13. गरुड़-गंगा से पत्थर ले जाने वाले को किसका डर नहीं रहता ।
14. किस पेड़ के नीचे बैठकर प्रतिभा-पुंज शंकर ने उपनिषदों पर टीकाएँ लिखी थी?
15. पांडुराजा द्वारा बसाई गई बस्ती कौन-सी है?
16. बदरी किस फल को कहते हैं ?
17. विशालपुरी किस नदी के दाहिनी किनारे पर बसी है?
18. लोकपाल किन लोगों के तीर्थ-स्थान है ?
19. विष्णु गंगा और अलकनंदा के संगम स्थान पर क्या है?
20. 'कीमू' का अर्थ क्या है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. हिमालय की विशेषता का वर्णन कीजिए ।
2. बद्रीनाथ यात्रा में लेखक और उनके साथियों की दिनचर्या का वर्णन कीजिए ।
3. तुंगनाथ शिखर के सौंदर्य के संबंध में लेखक ने क्या कहा है?
4. बद्रीनाथ की घाटी का चित्रण कीजिए ।
5. बदरी नारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
6. बद्रीनाथ यात्रा में लेखक के दल का वर्णन कीजिए ।
7. एक वयोवृद्ध सज्जन कैसे हँसी का पात्र बन गया?
8. 'पैखण्डा' की विशेषता क्या है?
9. पाण्डुकेश्वर बस्ती के बारे में लिखिए ।

10. 'गरुड गंगा' की महानता क्या है?

11. बद्रीनाथ मंदिर जाने के लिए दो रास्ते कौन-कौन से हैं ?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?

1. ''अरे बिच्छू-बिच्छू।''

2. ''कहिए, दिल जम गया या बच गया।''

3. ''मंज़िल पर पहुँच जाने पर रोमांच हो ही आता है।''

4. ''यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है।''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''ऐसे प्रदेश में पहुँचकर अकवि भी कवि और अदार्शनिक भी दार्शनिक बन जाता है । '

2. ''यह मार्ग अपेक्षाकृत भयानक है, इसलिए इसका सौंदर्य भी अभी अछूता है।''

3. ''हाय राम, यह तो सचमुच बिच्छू लग रहा था, पर वह चलता क्यों नहीं ?''

4. ''जम कैसे सकता था, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया।''

5. ''यह आकर्षण है - सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का।''

6. ''इसी कारण नारायण यहाँ बदरीनारायण के नाम से प्रसिद्ध है।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 8. नालायक

विवेकी राय

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. कितने अनट्रेण्ड अध्यापकों का चुनाव था?
2. कितने उम्मीदवार आए थे?
3. प्रति उम्मीदवार के पीछे कितनी सिफारिशें आई थीं?
4. ज्योतिषी कहाँ पर बैठे थे?
5. पुलिस की कितनी गाड़ियाँ आई थीं?
6. किसका नाम सभापति के लिए प्रस्तावित किया गया?
7. 'नालायक' पाठ के लेखक कौन है?
8. उम्मीदवारों में कौन अधिक संख्या में थे?
9. लेखक के पास पहुँचे हुए उम्मीदवार किस डिविजन में पास हैं?
10. अध्यापकों के चुनाव की कार्रवाई शुरू होने में कितनी देरी थी?
11. नया स्टाक लाने के लिए कौन शहर की ओर दौड़े?
12. किसकी सहायता से खाँचियों में शिफारिशी पत्र डालने का कार्य सम्पन्न हुआ?
13. सभी थर्ड डिविजनर कहाँ पर एकत्र हुए?
14. अत्यंत गुप्त रूप से क्या ज्ञात हुआ?
15. कौन-सा नारा बहुत देर तक दुहराया गया?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. अनट्रेण्ड अध्यापकों के चुनाव का वर्णन कीजिए ।
2. जिला परिषद् के बाहर का दृश्य प्रस्तुत कीजिए ।
3. लाउडस्पीकर से क्या घोषणा की जा रही थी?
4. दौड़कर आते हुए उम्मीदवार ने क्या कहा?
5. थर्ड डिवीजनरों की व्यथा को प्रकट कीजिए ।
6. चबूतरे पर खड़े युवक ने क्या भाषण दिया?
7. चैयरमैन साहब के बँगले पर का दृश्य प्रस्तुत कीजिए ।
8. परिषद कार्यालय बंद रहने से उम्मीदवार क्या सोच रहे थे?
9. शिफारिश करने का तरीका क्या था?
10. 'यह कैसा कुम्भ पर्व कुछ पहले ही यहाँ आ गया? लेखक किसके बारे में कह रहे हैं?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?

1. ''आपका उम्मीदवार किस डिवीजन में पास है?''
2. ''थर्ड डिवजनर के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है?''
3. ''ये लोग हम लोगों का हक मार रहे हैं।''
4. ''हमारे लिए हर जगह दरवाज़ा बंद है।''
5. ''हाँ, चलिए आपके साथ चल सकता हूँ।''
6. ''हम लोग फर्स्ट और सेकंड डिवीजन वालों के खिलाफ आंदोलन करेंगे?''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना।''
2. ''सुबहा का सिकुडा वह बालक अब तनकर जवान की तरह लग रहा था।''
3. ''हम हरगिज़ नहीं मानते कि कागज की तीन लकीरों के कारण हम लोग नालायक है।''
4. ''किसको मिले मास्टरी चाँस, थर्ड डिवीजन मैट्रिक पास।''
5. ''शिक्षा का स्तर गिर रहा है। उसे अब और नहीं गिरने दिया जाएगा।''
6. ''ये लोग आज 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं?''
7. ''सो मैं पाँच वर्ष फेल होकर छटे साल के हायस्कूल में थर्ड डिवीजनर भाई श्री रघुपति राघव का नाम आज की सभा के लिए प्रस्तावित करता हूँ।''
8. ''आज हम थर्ड डिवीजनर्स कान्फ्रेन्स में 'करो या मरो' का नारा लगाएँगे और जीवन का संकल्प लेंगे।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 9. राष्ट्र का स्वरूप

वासुदेवशरण अग्रवाल

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. किनके सम्मिलन से राष्ट्र का स्वरूप बनता है ?
2. किसकी कोख में अमूल्य निधियाँ भरी हैं?
3. सच्चे अर्थों में पृथ्वी का पुत्र कौन है?
4. पुत्र का स्वाभाविक कर्तव्य क्या है?
5. माता अपने सब पुत्रों को किस भाव से चाहती है?
6. राष्ट्र का तीसरा अंग कौन-सा है?
7. राष्ट्र की वृद्धि किसके द्वारा संभव है?
8. राष्ट्र का सुखदायी रूप क्या है?
9. संस्कृति का अमिट भंडार किसमें भरा हुआ है?
10. 'राष्ट्र का स्वरूप' पाठ के लेखक कौन हैं?
11. सच्चे अर्थ में समस्त राष्ट्रीय विचारधाराओं की जननी कौन हैं?
12. जो जन मातृभूमि के साथ अपना संबंध जोड़ना चाहते हैं, उन्हें किनके प्रति ध्यान देना चाहिए?
13. किसके विकास और अभ्युदय के द्वारा राष्ट्र की वृद्धि संभव है ?
14. पृथ्वी का सांगोपांग अध्ययन किसके लिए बहुत ही आनंदप्रद कर्तव्य माना जाता है?
15. किसका प्रवाह अनंत होता है?
16. भूमि का निर्माण किसने किया है?
17. भूमि कब से है ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. राष्ट्र को निर्मित करने वाले तत्त्वों का वर्णन कीजिए।
2. धरती 'वसुंधरा' क्यों कहलाती है?
3. समन्वययुक्त जीवन के संबंध में वासुदेवशरण अग्रवाल के विचार प्रकट कीजिए ।
4. राष्ट्रनिर्माण में जन का क्या योगदान होता है?
5. लेखक ने संस्कृति को जीवन-विटप का पुष्प क्यों कहा है?
6. राष्ट्रीयता कैसे बलवती होती है?
7. 'माता पृथ्वी को प्रणाम' - इसी दृढ़ भिती पर राष्ट्र का भवन कैसे निर्मित है?
8. 'पृथ्वी पर बसनेवाले जन बराबर हैं।' - इस विषय पर लेखक क्या कहते हैं ?
9. विभिन्न समुदाय, संस्कृतियों के समन्वय के बारे में लेखक क्या कहते हैं ?

10. पूर्वजों के बारे में हमें कैसी भावना रखनी चाहिए।

11. विज्ञान और उद्यम दोनों से हम क्या खड़ा कर सकते हैं ?

III. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''भूमि माता है, मैं उसका पुत्र हूँ।''

2. ''यह प्रणाम भाव ही भूमि और जन का दृढ़ बंधन होता है।''

3. ''जन का प्रवाह अनंत होता है।''

4. ''संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है।''

5. ''उन सबका मूल आधार पारस्परिक सहिष्णुता और समन्वय पर निर्भर है।''

6. ''इस प्रकार की उदार भावना ही विविध जनों से बने हुए राष्ट्र के लिए स्वास्थ्यकर है।''

7. ''समन्वययुक्त जीवन ही राष्ट्र का सुखदायी रूप है।''

8. ''इसी दृढ़ चट्टान पर राष्ट्र का चिर जीवन आश्रित रहता है।''

9. ''हमारा यह ध्येय रहे कि राष्ट्र में जितने हाथ हैं, उनमें से कोई भी इस कार्य में भाग लिए बिना रीता न रहे।''

10. ''पृथ्वी के भौतिक स्वरूप की आद्योपांत जानाकरी प्राप्त करना, उसकी सुंदरता, उपयोगिता और महिमा को पहिचानना आवश्यक धर्म है।''

◆ ◆ ◆ ◆

# 10. रिहर्सल

– ओमप्रकाश 'आदित्य'

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. वैद्य परमानन्द बीमार स्त्री को कितने दिन तक खाना न खाने के लिए कहते हैं ?
2. किसान किसकी बीमारी के इलाज के लिए वैद्य परमानन्द के पास पहुँचता है?
3. वैद्य परमानन्द हर बीमारी के लिए कौन सी दवा देते हैं?
4. प्रोफेसर पांडुरंग बीमार स्त्री को कमजोरी दूर करने का क्या उपाय बताते हैं?
5. प्रोफेसर पांडुरंग किसान को किसकी फोटो लाने के लिए कहते हैं ?
6. प्रोफेसर पांडुरंग किसे यमराज का सगा भाई कहते हैं ?
7. प्रोफेसर पांडुरंग लड़के को होश में लाने के लिए कैसी कहानियाँ सुनाने की सलाह देते हैं?
8. वैद्य परमानन्द के अनुसार लड़के को क्या हुआ है?
9. बेहोशी का अभिनय किसने किया?
10. बेहोशी का अभिनय करनेवाले लड़के का नाम लिखिए ।
11. सदा घबराहट महसूस करना किसकी निशानी है?
12. वैद्य परमानंद बीमार स्त्री को कहाँ चंदन का लेप करने के लिए कहा?
13. वैद्य परमानंद बेहोश बालक को कौन-सा रोग निश्चित करते हैं ?
14. 'रिहर्सल' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. वैद्य परमानन्द बीमार स्त्री का इलाज किस प्रकार करते हैं ?
2. वैद्य परमानन्द गाय की बीमारी दूर करने का क्या उपाय बताते हैं?
3. प्रोफेसर पांडुरंग बीमार स्त्री का इलाज किस ढंग से करते हैं?
4. वैद्य और प्रोफेसर के आमने-सामने आने के बाद का दृश्य प्रस्तुत कीजिए ।
5. रमेश ने बेहोशी का अभिनय क्यों किया?
6. वैद्य परमानन्द का चरित्र चित्रण कीजिए ।
7. प्रोफेसर पांडुरंग का चरित्र चित्रण कीजिए ।
8. प्रोफेसर पांडुरंग किसान को क्या हिदायतें देता हैं ?

III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ।

1. ''परहेज ही तो असली इलाज है।''
2. ''तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना।''

3. ''नहीं, कई बेटे अपने बाप से भी बड़े हो जाते हैं।''
4. ''ठीक तो हो जाएगा, होश में नहीं आएगा।''
5. ''तुझे क्या हो गया था मेरे लाड़ले।''
6. ''यही तो मौत की निशानी है।''
7. ''आप गिर नहीं रहे हैं। आप महसूस कीजिए कि नहीं गिर रहे हैं।''
8. ''आपको भ्रम हो गया है, आप बीमार नहीं है।''
9. ''घबराइए मत । आँखें मत खोलिए, आप शेर से लडिए।''
10. ''इसकी नब्ज़ बता रही है कि यह बेहोश है।''
11. ''इसका चेहरा कह रहा है कि यह होश में है।''

IV. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :

1. ''मरना तो कोई नहीं चाहता, लेकिन मैंने अपना रोगियों को अक्सर मरते देखा है।''
2. ''हृदय का गुण ही धड़कना है।''
3. ''मुझे डर है कि कहीं यहाँ बैठे बैठे मेरा दिल धड़कना बंद न कर दे।''
4. ''इसे भ्रम हो गया है कि यह बेहोश है।''
5. ''सन्निपात है वैद्य परमानन्द को और स्नायुरोग है प्रोफेसर पांडुरंग को।''
6. ''अरे, आग लगे तेरी रिहर्सल को। तू बीस तीस मिनट और ऐसे ही रहता तो मेरी रिहर्सल होती।''
7. ''कौन ! वैद्य परमानंद ! यमराज का सगा भाई?''
8. ''गाय बीमार है तो तुम किसलिए आए हो? गाय का इलाज क्या तुम्हारी शक्ल देखकर करूँ!''
9. ''अच्छा । उसे उसी का दूध निकालकर पिलाओ।''
10. ''हृदय के भीतरी भाग पर चंदन का लेप कीजिए।''

◆ ◆ ◆ ◆